‘गंगाजल उद्वह योजना’

drishtiias.com/hindi/printpdf/gangajal-udvah-yojana

चर्चा में क्यों?

6 अक्तूबर, 2021 को मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के द्वारा ‘**गंगा जल उद्वह योजना**’ के कार्यों की समीक्षा की गई।

प्रमुख बिंदु

- समीक्षा बैठक में जल संसाधन विभाग के सचिव संजीव हंस ने बताया कि मूल योजना का कार्य मार्च 2022 तक पूरा हो जाएगा और जल वितरण का कार्य जून 2022 तक आरंभ करने का लक्ष्य रखा गया है।
- हथीदह-मोहनाजे-तेतर-अबगिल्ला तक कुल 150 किमी. की पाइपलाइन में से लगभग 118 किमी. पाइप बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।
- विदित हो कि **‘गंगा जल उद्वह योजना**’ बिहार सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना है, जिसके द्वारा **राजगीर, गया, बोधगया और नवादा के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।**